2

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **घनश्याम बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार, लूणी)** सू.अ.अ. अपील संख्या : 393/2021	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01-02-2022	अपीलार्थी घनश्याम निवासी ग्राम धाना, झंवर, तहसील लूणी, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 02.11.2021 में उसके द्वारा खसरा नम्बर 1460 व 937 राजस्व गांव झंवर तहसील लूणी, जिला जोधपुर की शुरू से लेकर संवत 2031 तक खसरा गिरदावरी की प्रमाणित प्रतिलिपि से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.08.08 14:23:42 IST
Reason: SelfAttested